**Series BRH/1**

कोड नं.
Code No. **32/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 20 + 2 मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 36 प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains 20 printed pages + 2 maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 36 questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer book during this period.

# संकलित परीक्षा-II
# SUMMATIVE ASSESSMENT-II
# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 90*

*सामान्य निर्देश :*

*(i) कुल 36 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

[P.T.O.

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 16 तक, बहुविकल्पीय प्रश्न एक-एक अंक के हैं। प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प को अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

(iv) प्रश्न संख्या 17 से 29 तक के प्रश्न, तीन-तीन अंकों के हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(v) प्रश्न संख्या 30 से 34 तक के प्रश्न चार-चार अंकों के हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न संख्या 35 मानचित्र संबंधी प्रश्न 2 अंक का इतिहास में से है और प्रश्न संख्या 36 मानचित्र संबंधी प्रश्न 3 अंक का भूगोल में से है।

(vii) भरे हुए मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

***General Instructions :***

*(i) There are 36 questions in all. All questions are compulsory.*

*(ii) Marks for each question are indicated against the question.*

*(iii) Questions from serial number 1 to 16 are multiple choice questions (MCQs) of 1 mark each. Every MCQ is provided with four alternatives. Write the correct alternative in your answer-book.*

*(iv) Questions from serial number 17 to 29 are 3 marks questions. Answer of these questions should not exceed 80 words each.*

*(v) Questions from serial number 30 to 34 are 4 marks questions. Answer of these questions should not exceed 100 words each.*

*(vi) Question number 35 is a map question of 2 marks from History and Question number 36 is a map question of 3 marks from Geography.*

*(vii) Attach the filled up maps inside your answer-book.*

1. निम्नलिखित में से किसने 'यंग इटली' नामक एक गुप्त संगठन बनाया ?

(A) ऑटो वान बिस्मार्क

(B) ज्युसेपे मेत्सिनी

(C) मैटरनिक

(D) योहन गॉटफ्रीड हर्डर 1

अथवा

निम्नलिखित में से किसने देश के विभाजन के बाद वियतनाम के दक्षिणी भाग पर सत्ता संभाली?

(A) न्गो दिन्ह दिएम

(B) हो ची मिन्ह

(C) बाओ दाई

(D) एन.एल.एफ.

Who, among the following formed a secret society, called 'Young Italy' ?

(A) Otto Van Bismark

(B) Giuseppe Mazzini

(C) Metternich

(D) Johann Gottfried Herder

OR

Who, among the following took power in the Southern part of Vietnam after the division of the country ?

(A) Ngo Dinh Diem

(B) Ho Chi Minh

(C) Bao Dai

(D) N.L.F.

2. 1789 की क्रांति से पहले फ्रांस में निम्नलिखित में से किस प्रकार की सरकार कार्य कर रही थी ?

(A) तानाशाही

(B) सैनिक

(C) फ्रांसीसी नागरिकों की निकाय

(D) राजतंत्र 1

अथवा

निम्नलिखित में से 'कोलोन' के रूप में कौन जाने जाते थे?

(A) वियतनाम में रहने वाले फ्रांसीसी नागरिक

(B) फ्रांस में रहने वाले फ्रांसीसी नागरिक

(C) वियतनाम के शिक्षित लोग

(D) वियतनाम के श्रेष्ठ जनगण

Which one of the following types of government was functioning in France before the revolution of 1789 ?

(A) Dictatorship

(B) Military

(C) Body of French Citizen

(D) Monarchy

OR

Who, among the following were known as 'colons' ?

(A) French citizens living in Vietnam

(B) French citizens living in France

(C) Educated people of Vietnam

(D) Elites of Vietnam

3. महात्मा गांधी ने बिहार के चम्पारण जिले के किसानों को दमनकारी बागान व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष करने के लिए, निम्नलिखित में से किस वर्ष में प्रेरित किया :

(A) 1916

(B) 1917

(C) 1918

(D) 1919 1

In which of the following years Mahatma Gandhi inspired the peasants of Champaran district of Bihar to struggle against the oppresive plantation system :

(A) 1916

(B) 1917

(C) 1918

(D) 1919

4. निम्नलिखित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशनों में से किसमें 'असहयोग आंदोलन' के विचार को स्वीकार किया गया?

(A) लाहौर अधिवेशन

(B) नागपुर अधिवेशन

(C) कलकत्ता (कोलकाता) अधिवेशन

(D) मद्रास (चेन्नई) अधिवेशन 1

In which one of the following Indian National Congress Sessions, the idea of 'Non-Cooperation Movement' was accepted?

(A) Lahore Session

(B) Nagpur Session

(C) Calcutta (Kolkata) Session

(D) Madras (Chennai) Session

5. झारखण्ड की कोडरमा गया हजारीबाग पेटी निम्नलिखित खनिजों में से किसकी अग्रणी उत्पादक है?

(A) ताँबा

(B) बॉक्साइट

(C) लौह-अयस्क

(D) अभ्रक 1

Koderma Gaya–Hazaribagh belt of Jharkhand is the leading producer of which one of the following minerals ?

(A) Copper

(B) Bauxite

(C) Iron-ore

(D) Mica

6. निम्नलिखित ईंधनों में से किस को पर्यावरण-अनुकूल माना जाता है?

(A) कोयला

(B) पेट्रोलियम

(C) प्राकृतिक गैस

(D) जलावन लकड़ी 1

Which one of the following fuels is considered environment friendly ?

(A) Coal

(B) Petroleum

(C) Natural gas

(D) Firewood

7. किसी एक क्षेत्र विशेष में उद्योग स्थापित करने में निम्नलिखित कारकों में से कौन सबसे अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है?

(A) कच्चा माल

(B) बाज़ार

(C) न्यूनतम उत्पादन लागत

(D) परिवहन 1

Which one of the following factors plays the most important role in the location of an industry in a particular region ?

(A) Raw material

(B) Market

(C) Least production cost

(D) Transport

8. निम्नलिखित पत्तनों में से कौन सा एक अन्तःस्थलीय नदीय पत्तन है?

(A) कांडला

(B) कोलकाता

(C) मुम्बई

(D) तूतीकोरिन 1

Which one of the following is an inland riverine port ?

(A) Kandla

(B) Kolkata

(C) Mumbai

(D) Tuticorin

9. निम्नलिखित में से कौन सा 'तीसरी लहर' का देश है, जहाँ 1990 में लोकतंत्र कायम हुआ?

(A) बोलिविया

(B) बेल्जियम

(C) बांग्लादेश

(D) नेपाल 1

Which one of the following is the 'Third Wave' country that had won democracy in 1990?

(A) Bolivia

(B) Belgium

(C) Bangladesh

(D) Nepal

10. निम्नलिखित में से किसने बोलिविया में 'जल के निजीकरण के खिलाफ', संघर्ष का नेतृत्व किया ?

(A) राजनीतिक दलों ने

(B) किसानों ने

(C) कारखानों के श्रमिकों ने

(D) फेडेकोर ने 1

Which among the following led the struggle against 'privatisation of water' in Bolivia ?

(A) Political parties

(B) Farmers

(C) Factory workers

(D) FEDECOR

11. निम्नलिखित में से किस शासन तंत्र को सबसे अच्छा माना गया है?

(A) लोकतंत्र

(B) तानाशाही

(C) राजतंत्र

(D) सैनिक शासन 1

Which one of the foLowing is considered the best form of government ?

(A) Democracy

(B) Dictatorship

(C) Monarchy

(D) Military Rule

12. निम्नलिखित में से कौन सी लोकतंत्र की विशेषता नहीं है ?

(A) यह नागरिकों में समानता को बढ़ावा देता है

(B) यह शीघ्र निर्णय लेता है

(C) इससे फैसलों में बेहतरी आती है

(D) यह व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाता है 1

Which one of the following is not the quality of democracy ?

(A) It promotes equality among citizens

(B) It takes quick decisions

(C) It improves the quality of decision making

(D) It enhances the dignity of the individual

13. मुद्रा के ज़रिए विनिमय के संदर्भ में निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त कथन कौन सा है?

(A) यह सबसे सरल तरीका है

(B) यह सबसे सुरक्षित ढंग है

(C) यह सबसे सस्ता तरीका है

(D) यह व्यापार को प्रोत्साहित करता है 1

Which one of the following statements is most appropriate regarding transactions made in money ?

(A) It is the easiest way

(B) It is the safest way

(C) It is the cheapest way

(D) It promotes trade

14. भारत में 'कारगिल फूड्स' निम्नलिखित में से किसका सबसे बड़ा उत्पादक है?

(A) दवाइयाँ

(B) एशियन पेंट्स

(C) खाद्य तेल

(D) सिले कपड़े 1

'Cargill Foods' is the largest producer of which of the following in India ?

(A) Medicines

(B) Asian Paints

(C) Edible oil

(D) Garments

15. निम्नलिखित में से किस लोगो का प्रयोग कृषि उत्पादों के मानकीकरण के लिए किया जाता है?

(A) आई.एस.आई.

(B) हॉलमार्क

(C) एगमार्क

(D) आई.एस.ओ. 1

Which one of the following logos is used for standardisation of agricultural products ?

(A) I.S.I.

(B) Hallmark

(C) Agmark

(D) I.S.O.

16. यदि किसी उपभोक्ता का बाजार में शोषण होता है, तो निम्नलिखित में से उसे किस न्यायालय में मुकदमा दर्ज करना चाहिए?

(A) स्थानीय न्यायालय

(B) राज्य न्यायालय

(C) सर्वोच्च न्यायालय

(D) उपभोक्ता न्यायालय 1

In which one of the following courts a consumer should file a case if he/she is exploited in the market ?

(A) Local court

(B) State court

(C) Supreme court

(D) Consumer court

17. जर्मनी की एकीकरण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

अथवा

उन संरचनात्मक परियोजनाओं का वर्णन कीजिए, जिन्हें फ्रांसीसी उपनिवेशकों ने वियतनाम में विकसित किया। 3

Describe the process of unification of Germany.

OR

Describe infrastructural projects which were developed by the French colonisers in Vietnam.

18. असहयोग आंदोलन शहरों में धीरे-धीरे धीमा क्यों पड़ा? कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिए। 3×1=3

Why did Non-Cooperation Movement gradually slowdown in cities? Explain any three reasons.

19. भारत की किन्हीं तीन लौह-अयस्क की प्रमुख पेटियों का उल्लेख कीजिए। सबसे दक्षिणी लौह-अयस्क की पेटी की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए। 1½+1½=3

Mention any three major iron-ore belts of India. Write any three characteristics of the southern most iron-ore belt.

20. उद्योग वायु को किस प्रकार प्रदूषित करते हैं? प्रदूषण के बुरे प्रभावों को स्पष्ट कीजिए। 1+2=3

How do industries pollute air? Explain ill effects of pollution.

21. प्रारम्भिक वर्षों में सूती वस्त्र उद्योग महाराष्ट्र और गुजरात की कपास उत्पादक पेटी में क्यों संकेन्द्रित था? कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिए। $3\times1=3$

Why was cotton textile industry concentrated in the cotton growing belt of Maharashtra and Gujarat in the early years? Explain any three reasons.

22. अप्रैल 2006, नेपाल में लोकतंत्र के लिए हुए आंदोलन का वर्णन कीजिए। 3

Describe the movement for democracy in Nepal, April 2006.

23. आधुनिक लोकतंत्र राजनीतिक दलों के बिना क्यों नहीं रह सकता? कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिए। $3\times1=3$

Why can't modern democracies exist without political parties? Explain any three reasons.

24. भारत में राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को सुधारने के विभिन्न संवैधानिक प्राधिकरणों द्वारा उठाए गए तीन उपायों को स्पष्ट कीजिए। $3\times1=3$

Explain the three steps taken by the different authorities to reform political parties and their leaders in India.

25. "सैद्धांतिक रूप में लोकतंत्र को अच्छा माना जाता है, परन्तु व्यवहार में इसे इतना अच्छा नहीं माना जाता।" इस कथन की पुष्टि तर्क सहित कीजिए। 3

"Democracy is seen to be good in principle but felt to be not so good in practice." Support the statement with an argument.

26. मुद्रा क्या है? आधुनिक मुद्रा करेंसी को विनिमय का माध्यम क्यों स्वीकार किया जाता है? 1+2=3

What is money ? Why is modern money currency accepted as a medium of exchange ?

27. सस्ता और सामर्थ्य के अनुकूल कर्ज देश के विकास के लिए क्यों महत्वपूर्ण है? तीन कारण स्पष्ट कीजिए। 3×1=3

Why is cheap and affordable credit important for the country's development ? Explain three reasons.

28. बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ किस प्रकार अपने उत्पादों का दूसरे देशों में प्रसार कर रही हैं? एक उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 3

How are M.N.C's spreading their production across countries? Explain with an example.

29. यदि भारत सरकार चीन के खिलौनों के आयात पर भारी कर लगाती है, तब ऐसी स्थिति में क्या होगा? किन्हीं तीन बिंदुओं को स्पष्ट कीजिए। 3×1=3

What would happen if Government of India puts heavy tax on import of Chinese toys? Explain any three points.

30. ''नेपोलियन ने निःसंदेह फ्रान्स में लोकतंत्र को नष्ट किया था, परन्तु प्रशासनिक क्षेत्र में उसने क्रांतिकारी सिद्धान्तों का समावेश किया था, ताकि पूरी व्यवस्था अधिक तर्कसंगत और कुशल बन सके।'' इस कथन की पुष्टि कीजिए। 4

अथवा

"वियतनाम के बंटवारे से शुरू होकर देश युद्ध के मोर्चे में तब्दील होकर रह गया।" इस कथन की पुष्टि कीजिए।

"Napoleon had, no doubt, destroyed democracy in France, but in the administrative field he had incorporated revolutionary principles in order to make the whole system more rational and efficient." Support the statement.

OR

"The division of Vietnam set in motion a series of events that turned the country into a battlefield." Support the statement.

31. सविनय अवज्ञा आंदोलन के प्रति लोगों और औपनिवेशिक सरकार ने किस प्रकार प्रतिक्रिया व्यक्त की? स्पष्ट कीजिए। 2+2=4

How did people and the colonial government react to the Civil Disobedience Movement ? Explain.

32. "सघन एवं सक्षम परिवहन का जाल तथा संचार के साधन राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए पूर्व अपेक्षित हैं।" इस कथन की चार तर्कों सहित पुष्टि कीजिए। 4×1=4

"Dense and efficient network of transport and communication is a pre-requisite for national and international trade." Support the statement with four arguments.

33. विश्व के कुछ देश 'लोकतंत्र के विस्तार की चुनौती' का किस प्रकार सामना कर रहे हैं? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 4×1=4

How are some countries of the world facing the 'challenge of expansion of democracy'? Explain with examples.

34. ऐसे कोई चार तरीकों को स्पष्ट कीजिए, जिनसे उपभोक्ताओं का बाज़ार में शोषण होता है। 4×1=4

Explain any four ways in which consumers are exploited in the market.

35. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा मानचित्र में दो लक्षण A और B अंकित किए गए हैं। इन लक्षणों को नीचे दी गई जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

(A) वह स्थान जहाँ दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

(B) वह स्थान जहाँ गुजरात में किसानों का आंदोलन हुआ था। 2×1=2

अथवा

निम्नलिखित स्थानों को उसी मानचित्र में उपयुक्त चिह्नों से दिखाइए और सही नाम लिखिए :

(i) चौरी-चौरा – जहाँ से असहयोग आन्दोलन को समाप्त किया गया था।

(ii) अमृतसर – जहाँ जलियाँवाला बाग कांड हुआ।

Two features - **A** and **B** are marked in the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

(A) The place where Indian National Congress Session was held in September 1920.

(B) The place where the Peasant Satyagraha was held in Gujarat.

**OR**

Locate and label the following items with appropriate symbols on the same map :

(i) Chauri-Chaura – The place of calling off the Non-Cooperation Movement (N.C.M.) .

(ii) Amritsar – The place where Jallian Wala Bagh incident took place.

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए, मानचित्र संबंधी प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर हैं :

(35.1) सितम्बर 1920 में किस स्थान पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ?

(35.2) उस स्थान का नाम बताइए, जहाँ गुजरात में किसानों का सत्याग्रह हुआ था । 1+1=2

**Note :** The following questions are for the BLIND CANDIDATES only, in lieu of map Question No. 35 :

(35.1) At which place Indian National Congress Session was held in December 1920?

(35.2) Name the place where the Peasant's Satyagraha was held in Gujarat.

36. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में तीन लक्षण **A**, **B** और **C** अंकित किए गए हैं। इन लक्षणों की पहचान नीचे दी गई जानकारी की मदद से कीजिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

(A) लौह-अयस्क खान

(B) तेल क्षेत्र

(C) [illegible] का अन्तिम स्टेशन $3 \times 1 = 3$

अथवा

निम्नलिखित स्थलों को इसी मानचित्र में उपयुक्त चिह्नों से दिखाइए और उनके नाम लिखिए :

[illegible] दुर्गापुर – लोहा और इस्पात संयंत्र

(i) कैगा – आणविक ऊर्जा संयंत्र

(ii) विशाखापत्तनम – समुद्री पत्तन

Three features – A, B and C are marked in the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

(A) Iron-ore mine

(B) Oil field

(C) Terminal Station of N.H. 7

OR

Locate and label the following items with appropriate symbols and write their correct names on the same map :

(i) Durgapur – Iron and Steel Plant

(ii) Kaiga – Nuclear Power Plant

(iii) Vishakhapatnam – Sea Port

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए, मानचित्र संबंधी प्रश्न संख्या 36 के स्थान पर हैं :

(36.1) राष्ट्रीय महामार्ग संख्या 7 के सबसे अंतिम स्टेशन का नाम बताइए।

(36.2) कैगा आणविक ऊर्जा संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

(36.3) उस राज्य का नाम बताइए, जिसमें दुर्गापुर लोहा और इस्पात संयंत्र स्थित है। 1+1+1=3


Note : The following questions are for the BLIND CANDIDATES only, in lieu of map Question Nos. 36 :

(36.1) Name the northern terminal station of N.H.7.

(36.2) In which State Kaiga nuclear power plant is located?

(36.3) Name the State in which Durgapur iron and steel plant is located.

Q. No. 35



Q. No. 30

